क्षेत्र के नागरिक तय करें कि विकास ही चुनावी मुद्दा हो

कुरूद। पिछले 05 साल की शून्यता के बाद जब आपका जनसमर्थन पुनः भारतीय जनता पार्टी को मिला तब से कुरुद क्षेत्र विकास के हर आयाम को तय कर रहा है जिसकी कल्पना शायद ही लोगो ने की रही होगी, जो विकास कार्य हुए है उसे गिनाने की जरुररत नही आपके सामने प्रत्यक्ष है पर यह तो अभी शुरुआत है आपका कुरुद अभी और आगे जाएगा और कल्पना से परे कुरुद का निर्माण होगा। जिसके लिए हर एक नागरिक को तय करना होगा कि अगला विधानसभा चुनाव विकास के मुद्दे पर ही लड़ा जाएगा।

उक्त बातें पंचायती राज मंत्री अजय चंद्राकर ने जनसपंर्क यात्रा के 12वें दिन ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। भाजपा की जनसंपर्क यात्रा ने 12 वें दिन पार कर लिए हैं। केबिनेट मंत्री श्री चंद्राकर की अगुवाई में चल रही यात्रा गुरुवार को सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुई जो कन्हारपुरी, भालुझुलन, डांडेसरा, चर्रा, खैरा, मोंगरा, कोकड़ी होते हुए देर शाम कातालबोड पहुंची। जहां ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए जन आशीर्वाद यात्रा में कहा कि भाजपा सरकार ने लोगो को वे हर जनसुविधाएं दी है जो 15 साल पहलें किसी ने भी यह कल्पना नही की थी कि क्षेत्र में पुल-पुलिया, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा के दिशा में ऐसे अमुलचूल परिवर्तन आयेगा। लेकिन जब से छत्तीसगढ़ राज्य बना है। तब से सत्तारूढ़ भाजपा के डॉ. रमन सिंह सरकार ने ऐसा विकास कार्य किया जो 60 सालों में नही हुई थी। जनसंपर्क यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू, शिवप्रताप ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, उपाध्यक्ष छत्रपाल बैस, समाज कल्याण बोर्ड सदस्य ज्योति चंद्राकर, तिलोकजैन, रामगोपाल देवांगन, नँदनी साहू, वकील एल पी गोस्वामी, रामगोपाल देवांगन, रामस्वरूप साहू, लोकेश्वर सिन्हा सहित नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केंद्र में प्लेसमेंट कैंप 1 अप्रैल को

जगदलपुर। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र में एक अप्रैल को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप के माध्यम से जगदलपुर में स्थित द विद्या मंदिर इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा में 13 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीआरटी के 3 पदों पर भर्ती के लिए बीएससी अथवा बीकॉमए टीजीटी के 5 पदों पर भर्ती के लिए बीएससी अथवा बीकॉम अथवा अंग्रेजी या हिन्दी या संस्कृति विषय में एमए तथा पीजीटी के पांच पदों पर भर्ती के लिए भौतिकी रसायन जीव विज्ञान या गणित विषय में एमएससी अथवा एमकॉम उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया है।

मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने विचार गोष्ठी 28 को

जगदलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई मतदाता मतदान के लिए नहीं छूटे के सिद्धांत पर कार्य करते हुए प्रत्येक वर्ग विशेषकर दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 28 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है।

कलेक्टर द्वारा इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को एजेण्डावार जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

जनता की तरक्की में ही सबकी खुशी : कलेक्टर

जनधारा समाचार

जगदलपुर। कलेक्टर धनंजय देवांगन लोक सुराज अभियान के तीसरे चरण में ककनार में आयोजित समाधान शिविर में पहुंचे। कलेक्टर ने यहां लोगों से कहा कि नारायणपुरए कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर स्थित बस्तर जिले का यह क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और लोगों की आशा के अनुरुप यहां तेज गति से विकास होगी। कलेक्टर ने कहा कि एरपुण्ड से लेकर पुसपाल तक सड़क और पुल.पुलियों का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 36ण्6 करोड़ की लागत से सड़क और पुल.पुलियों का निर्माण किया जा रहा हैै जिससे इस क्षेत्र के लोगों को बारबमासी सड़क की सुविधा मिलेगी और नदी-नालों को पार करने का जोखिम नहीं उठाना पड़ेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन की सहुलियत होगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामीण अपनी रोजाना की जरुरतों को पूरा करने के लिए हाट.बाजार भी पहाड़ चढ़कर जाते थे और छोटी से छोटी जरुरत को पूरा करने के लिए भी उनका पूरा दिन बीत जाता था लेकिन इस क्षेत्र में सड़क के निर्माण से अब ये परेशानियां समाप्त हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से इस क्षेत्र के लोगों को भी संजीवनी एक्सप्रेस और महतारी एक्सप्रेस जैसी सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। इससे कई बहुमूल्य जीवन को बचाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुसपाल से ककनार तक डेढ़ किलोमीटर सीसी सड़क के निर्माण के लिए लगभग 90 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है और इस सड़क का निर्माण भी शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि इस क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं और प्रशासन द्वारा इसके लिए भरसक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कृषि के माध्यम से बेहतर उत्पादन के लिए भूमि सुधार का अधिक से अधिक कार्य किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को इसके लिए अधिक से अधिक संख्या में आगे आने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि पशुपालन मुर्गीपालन और बकरी पालन के माध्यम से इस क्षेत्र के किसानों की आय को बढ़ाई जाएगी। कलेक्टर ने समाधान शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित तौर पर आंगनबाड़ी केन्द्र भेजें। उन्होंने कहा कि छोटे से आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से कई बड़ी योजानाओं का संचालन होता है। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से गर्भवती माताओं को गर्म भोजन तथा रेडी टू इट प्रदाय किया जाता हैए जिससे गर्भवती माताएं अपने कामकाजी जीवनचर्या के दौरान भी पर्याप्त मात्रा में पोषक आहार प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही धात्री माताओं को भी रेडी टू इट प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि 06 माह से तीन वर्ष तक के बच्चों के लिए भी शासन द्वारा रेडी टू इट प्रदाय किया जाता है। कलेक्टर ने सभी स्कूली विद्यार्थियों के पालकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को नियमित तौर पर स्कूल भेंजे और उनकी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के निर्माण के लिए मात्र एक अवसर मिलता है और इस अवसर का सदुपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक बार बच्चे का भविष्य खराब होने पर उसे दुबारा संवारने का अवसर नहीं मिलता है। कलेक्टर ने कहा कि सरपंचों का दायित्व सिर्फनिर्माण कार्य तक सीमित नहीं है। उनका दायित्व यह भी है कि गांव में कोई बच्चा कुपोषित और बीमार न हो। उन्होंने सभी सरपंचों से कहा कि वे अपने.अपने गांवों में कुपोषित बच्चों के माता.पिता को समझाएं और उनके उपचार के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही वे स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को दुरस्त बनाए रखें। बच्चों की उपस्थिति नियमित रहेए इसके लिए पालकों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पंचायतों के पास पूरा अधिकार है तथा इस अधिकार का उपयोग करना चाहिए।

ककनार में लोक सुराज के समाधान शिविर का आयोजन

कलेक्टर ने ग्रामीणों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने और बीमार पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क करने को कहा। उन्होंने कहा कि तबियत खराब होने पर बिना समय गंवाए तत्काल उपचार प्रारंभ कर देना चाहिए जिससे बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए सभी पंचायतों को 10.10 हजार रुपए भी परिवहन हेतु उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि उल्टी.दस्त एवं सर्पदंश जैसी कई बीमारियों के दौरान जागरुकता के अभाव में भी लोग दम तोड़ देते हैंए क्योंकि उन्हें समय पर उपचार प्राप्त नहीं होता।

गर्मी की छुट्टियों में भी पढ़ाएंगे बस्तर के शिक्षक

जगदलपुर। जिले के शिक्षक गर्मियों की छुट्टियों के दौरान भी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में पढ़ाते हुए नजर आएंगे। पिछले दिनों कलेक्टर धनंजय देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने बस्तर जिले में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एकमत होकर गर्मियों की छुट्टियों के दौरान भी बच्चों को पढ़ाने की बात कही।

शिक्षकों ने लिया शिक्षा के स्तर को सुधारने का संकल्प

उल्लेखनीय है कि बस्तर जिला देश के 115 अभिलाषी जिलों में एक जिला है। भारत सरकार की नीति आयोग द्वारा इन जिलों में स्वास्थ्यए पोषणए शिक्षाए अधोसंरचनाए कृषि एवं सिंचाई तथा वित्तीय समावेशन के लिए संकेतक निर्धारित किया गया है और इसके सर्वाधिक महत्व स्वास्थ्यए पोषण एवं शिक्षा को दिया गया है। बस्तर जिले में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की शिक्षा गुणवत्ता को तेजी से सुधारने के लिए शिक्षकों ने यह संकल्प लिया है। पिछले दिनों कलेक्टर श्री देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शिक्षकों ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान प्राथमिक और माध्यमिक शालाओ में शैक्षणिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। इस दौरान गणितए विज्ञानए अंग्रेजी की विशेष कोचिंग कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। शिक्षकों द्वारा ग्राम सभा का आयोजन कर पालकों की शिक्षा के प्रति भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही पालकों को विद्यार्थियों के अध्यापन के संबंध में घर में विद्यार्थियों से चर्चा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिमाह शिक्षक भी पालकों से चर्चा करेंगे। पर्व एवं उत्सव के अवसर पर अनावश्यक रुप से विद्यार्थी शाला में अनुपस्थित न हो। यह भी शिक्षकों द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।

किसी प्रकार के हर्ष या विषाद की स्थिति में विद्यार्थी का अध्ययन प्रभावित न हो। शिक्षकों द्वारा ग्रीष्म अवकाश में उनके द्वारा किए गए कठिन परिश्रम का मूल्यांकन भी किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा अन्य समुदाय एवं संगठनों से भी इस अभिनव प्रयास का अवलोकन करने का आग्रह किया गया है।

ठाकुरदेव विवाह में शामिल हुई डॉ. अनामिका पॉल

जनधारा समाचार

बसना। बसना विधानसभा के ग्राम पंचायत कुदारीबहरा के आश्रित ग्राम कटेल में ग्राम की आंतरिक रक्षा के लिए वर्षों से चली आ रही परंपरागत ग्राम में ठाकुरदेव विवाह महोत्सव में जनता कांग्रेस जोगी की प्रदेश प्रवक्ता एवं महासचिव डॉ.अनामिका पॉल का आगमन हुआ। ग्राम के युवाओं ने डॉ.पॉल का स्वागत किया। ग्राम के महिलाओं ने डॉ .अनामिका पॉल को अपने मध्य पाकर प्रसन्न दिखे। कार्यक्रम को देखने के लिए गांव के हजारों पुरूष एवं महिलाएं एकत्रित हुए थे। डॉ. पाल ने गांव के युवाओं को क्षेत्र में समाज सेवा कार्य करने व ग्रामीण स्तर पर छोटे-बड़े समस्याओं का एकजूट होकर समाधान करने की बात कही। उन्होने कहा कि युवा वर्ग समाज की रीढ़ की हड्डी है। युवाओं के सहयोग के बिना समाज की स्थिति बिन पानी जिवन के बराबर है। ग्रामीणों ने बताया कि पूवजों से ही ग्राम की आंतरिक व बाह्य रक्षा के लिए ग्राम देवता के रूप में ठाकुरदेव का पूजन करते आ रहे हैं जिससे गांव में किसी भी प्रकार की संकट व महामारी नहीं आती तथा गांव में हमेशा खुशहाली बनी रहती है।

ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

मंत्री अजय से प्रभावित होकर कांग्रेसी कर रहे भाजपा प्रवेश

कुरूद। आपका सेवक आपके द्वार की जनभावना से क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर गांव-गांव जनसंपर्क यात्रा में निकले हुए है जहां वे अपने सरकार की उपलब्धि बता भविष्य में भी विकास की निरंतरता बनी रहने की बात कह रहे है जिसके व्यक्तित्व, विकासकार्यो व भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेसीजन भाजपा प्रवेश कर रहे हैं।

महज 11 दिन की जनसम्पर्क यात्रा में विभिन्न ग्रामों से करीब 290 से अधिक व्यक्तियों ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। जिसमें ग्राम कोलियारी के सरपंच राधिका ध्रुव, चर्रा के पूर्व उपसरपंच रामकुमार साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक मदन पांडे, सेमरा(सी) के बूथ पालक गजेंद्र सिन्हा, सिलौटी के वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता नागेंद्र शुक्ला के बाद कोलियारी से गोविंद साहू, सुखदेव साहू, रतनू साहू, हिमेन्द्र कुमार, खोमन यादव, पोषण साहू, ढाकेश्वर तारक, हेमन्त तारक, टेकु यादव, सूर्य साहू, कोमल साहू, डेमन साहू, बिसराम , सोनेश साहू, ऋषि कुमार, चन्द्रकांत, रेखराम निषाद शामिल हुए।

बंजारी(बंगोली) से मोतीलाल साहू, भानुराम साहू, अनील सोनवानी, दयासागर टण्डन, विजय टण्डन, उत्तम सोनवानी, राजेश चंदेल, संजू टोन्डे, शिव सोनवानी, बृजलाल कुर्रे, चिंताराम बारले, मन्नू टण्डन, देवानंद टण्डन, प्रेमचंद कुर्रे, भवानी कुर्रे, जेठु तारक, अजय चंदेल शामिल हुए। भेंड़सर से राहुल यादव, चन्द्रहास साहू, टकेश्वर साहू, योगेश कुमार, लक्ष्मी साहू, चरण ध्रुव, नेमूसाहू, माधो ढीमर, धर्मेन्द्र साहू, वेदराम साहू समेत महिला पुरुष शामिल हुए। इसी क्रम में कन्हारपुरी से सोनबाई दीवान, हीराबाई दिवान, जैनी दीवान, अनुसूइया दीवान, सुखम ध्रुव, यशोदा दीवान, दुकली यादव, नीरा दीवान, सरोज दीवान, लखन, बनवाली ध्रुव, सोना बाई, भालुझुलन से बिसनतीन कंवर, संतोष कंवर, हेमंत कंवर, कमलेश कंवर, घुरसिंग कंवर, सगुन राम, भुवन लाल कंवर।

दो लाख 12 हजार से अधिक की आर्थिक सहायता स्वीकृत

कवर्धा। कलेक्टर नीरज कुमार बनसोड़ ने सड़क दुर्घटना एवं अन्य विपत्तिग्रस्त छह परिवारों के लिए दो लाख 12 हजार सात सौ रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा विकासखंड के 3 परिवार शामिल हैए जिसमें ग्राम तमरूवा निवासी रधिया बाई चिमनी का आग में जलने के कारण मृत्यु हो जाने पर निकटतम परिजन संतराम को सारंगपुर निवासी सरिता बाई का छूही खदान धसकने से मृत्यु होने पर विपत्तिग्रस्त नरेश को चार-चार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार बंदौरा निवासी श्री शिव कुमार का अग्नि दुर्घटना में दोनो हाथ विकलांग होने पर विपत्तिग्रस्त लता बाई को 12 हजार सात सौ रूपये आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

दलसाटोला के 488 हितग्राहियों का बनेगा पक्का मकान

कवर्धा। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के कलस्टर ग्राम पंचायत दलसाटोला का ग्राम पंचायत राम्हेपुर बांधाटोला जरहाटोला आमगांव दलसाटोला पटपरए दरिगंवाए नवघटाए और सिंगारपुर के 488 ग्रामीणों को जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। लोक सुराज अभियान के तहत इन गावों के कुल 3 हजार 254 आवेदकों के प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की थी। सभी आवेदकों का परीक्षण के बाद 127 हितग्राहियों का नाम वर्ष 2018.19 में स्वीकृति के लिए प्रस्तावित किया गया है। साथ ही 488 आवेदकों का नाम प्रतिक्षा सूची में रखा गया है।

तीसरे चरण में दलसाटोला कलस्टर ग्राम पंचायत में लोक समाधान शिविर का आयेजन किया गया। संबंधित आवेदकों को यह जानकारी दी गई। दलसाटोटला के समाधन शिविर में कलेक्टर नीरज कुमार बनसोड़ए जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा देवी पांडेयए अनुविभागीय अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं नोडल अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं कवर्धा के डेहरी में आयोजित समाधान शिविर में छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू कवर्धा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चन्द्राकरए छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण समिति के सदस्य अजीत चन्द्रवंशीए श्री गोपाल साहूए पूर्व जिला पंचायत सदस्यदिनेश चन्द्रवंशी अपर कलेक्टर प्रदीप मिश्रा सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यअतिथियों ने तीन हितग्राहियों को कृषि उपकरण यंत्रए रसोई गैस चुल्हाए स्मार्ट कार्ड सहित अन्य समाग्रियों का हितग्राहियों को वितरण किया। देवघरिया समाधान शिविर में 41 डेहरी में 16 और लोहारा के दलसाटोला में 116 हितग्राहियों का स्मार्ट जारी किया गया है। दलसाटोला में आयोजित लोक समाधान शिविर में राम्हेपुरए बांधाटोलाए जरहाटोलाए आमगांवए दलसाटोला पटपर दरिगंवाए नवघटा और सिंगारपुर के सरंपच और ग्रामीणों ने भाग लिया। खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि छत्तीसगढ़ खाद्यन्ना योजना के तहत तीन सौ 43 आवेदको ने नया राशन कार्ड की मांग की थी। आवेदनों के परीक्षण के बाद 133 आवेदकों का पात्रता एवं पीडीएफजारी किया गया। 186 आवेदकों ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने की मांग की थीए जिसमें 127 आवेदकों को नाम पात्रता सूची तथा नाम जोड़ने पीडीएफजारी किया गया। 11 आवेदकों का नाम संशोधित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 14 नए हितग्राहियों का नाम पेंशन के लिए जोड़ा गया। इसी प्रकार कवर्धा विकासखंड के ग्राम पंचायत डेहरी में आयोजित समाधान शिविर में घिरघोसाए लघानए खैरझिटीकला मोहगांव चचेडी खपरी नवघटा डेहरी झलमला एवं गेगड़ा ग्राम शामिल हुए।

209 हितग्राहियों का नाम जोड़ने के लिए शासन को भेजा

संयुक्त सचिव ने किया एकलव्य विद्यालय का किया निरीक्षण

कोरबा। भारत सरकार के जनजातिय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव विनोद कुमार तिवारी के द्वारा एकलव्य संयुक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरीकला का निरीक्षण किया गया। एकलव्य पहुँचने पर पहाड़ी कोरवा बच्चों के द्वारा स्वयं के द्वारा बनाये गये गुलदस्ता से सचिव का स्वागत किया गया तथा उन्हें ढोकरा भेंट किये। श्री तिवारी ने एक्जीबिशन हॉल ऑडीटोरियम स्मार्ट क्लास भौतिकी रसायन एवं जीवविज्ञान लैब तथा प्राथमिक चिकित्सा कक्ष की भी अवलोकन किया गया तथा ममता लाल एएनएम को स्वास्थ्य चिकित्सा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बालिका छात्रावास तथा स्टोर रूम का भी अवलोकन किया तथा व्यवस्था से संतुष्ट हुए। साथ ही पहाडी कोरवा बच्चो के साथ स्वल्पाहार करते हुए उन्हें पारंपरिक लोक नृत्य की शिक्षा भी प्रदान करने का आपके द्वारा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर एके गढ़ेवाल परियोजना प्रशासक श्रीकांत दुबे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा एसके दुबे सहायक संचालकए प्राचार्य गणेशराम राजपूत एवं एकलव्य स्टाफ उपस्थित थे। इसके पूर्व संयुक्त सचिव ने रामपुर कोरबा स्थित लाईवलीहुड कालेज का भी आकस्मिक निरीक्षण किया।

पतंजली परिवार ने मनाया शहीद दिवस

जनधार समाचार

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार भाटापारा पतंजलि परिवार ने आज शहीद दिवस के अवसर पर शहीदो को याद करते हुए अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। बलौदाबाजार के षष्ठी मंदिर प्रांगण मे जिला स्तरीय पतंजली परिवार के युवा भारत ,भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजलि योग समिति , महिला पतजलि योग समिति एवं पतंजलि किसान सेवा समिति के द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के आरती पूजा अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथी सेवानिवृत्त यादव ने मुख्य अतिथि की आसंदी से देश के शहीदों को याद करते हुए उनके इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 23 मार्च 1931 की मध्यरात्रि को अंग्रेजी हुकुमत ने भारत के तीन सपूतो भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरू को फांसी पर लटका दिया था। तीनो वीरो की शहादत को श्रद्धांजली देने के लिए आज के दिन को शहीद के रूप में मनाया जाता है। भारत एक महान देश है यहां का इतिहास बेहद गौरवशाली रही है यह देश अपने अंदर ऐसी कई संस्कृतियां समेटे हुए है जिसने इसे विश्व की सबसे समृद्ध संस्कृति वाला देश बनाया है। यह देश उन वीरो की कर्मभूमि भी रही है जिन्होने अपने प्राणो की परवाह किये बिना इस देश के लिए कार्य किया है। आजादी के बाद भी हमारे वीर सैनिको ने देश की सीमाओ पर हमारी हिफाजत के लिए आज भी दांव पर लगा रहे है। आज के इस शहीद दिवस कार्यक्रम को आयोजन करने के लिए मै पतंजलि परिवार को धन्यवाद देता हुं कि उन्होने इस कार्यक्रम के जरिये देश के वीर शहीदो को आज याद किया। संचालन हेमन्त टिकरिहा जिलाध्यक्ष पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास के द्वारा किया गया । इस अवसर पर मीना साहू जिलाप्रभारी महिला पतंजलि योग समिति, अखिलेश्वरी शुक्ला जिला महामंत्री भारत स्वाभिमान न्यास एवं जिला समन्वयक योग आयोग छत्तीसगढ़, निर्मला वर्मा, जिला महामंत्री महिला पतंजली योग समिति, राजेश्वरी बघेल जिला कोषाध्यक्ष महिला पतंजलि योग समिति, जितांशु प्रसन्न वर्मा सह जिला प्रभारी युवा भारत, एवं जिला समन्वयक योग आयोग छत्तीसगढ, श्रीमती देवकुमारी वर्मा तहसील प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति, ईश्वर यादव जिला कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान न्यास,एकता टिकरिहा, राशि टिकरिहा, आदर्श टिकरिहा, डॉ. प्रदीप कुमार देवांगन, दीपक पटेल, शत्रुहन लाल पटेल, भागीरथी वर्मा, बिन्दु पांडे सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पेड़ से टकराया ट्रक ड्रायवर-कंडक्टर की मौत

जनधारा समाचार

धमतरी। शुक्रवार की अलसुबह सड़क हादसे में ट्रक चालक परिचालक की मौत हो गई। दोनों आंध्रा निवासी बताये जा रहे हैं। अर्जुनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम संबलपुर के पास पेड़ से ट्रक के टकराने पर दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आंध्रप्रदेश से ट्रक क्रमांक एपी 35 एक्स 8537 में लोहे का एंगल भरकर चालक-परिचालक रायपुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे धमतरी पार हुए और संबलपुर के पास चालक को अचानक झपकी आ गई और ट्रक सीधे पेड़ से टकरा गई। हादसा इतना भयानक था कि पीछे भरा एंगल सामने केबिन को पार करते हुए बाहर निकल आया। ड्रायवर की मौके पर ही मौत हो गई। परिचालक को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। ट्रक को व्यवस्थित करने के लिए जेसीबी बुलानी पड़ी। खबर मिलते ही आला अधिकारी और अर्जुनी पुलिस मौके पर पहुंच गये थे। अर्जुनी थाना प्रभारी उमेन्द्र टंडन ने बताया कि चालक अनकन्ना और परिचालक यादगीरी ग्राम एमजीपेटा, थाना सालूर, जिला विजयनगरम का निवासी था। पूरी जानकारी ली जा रही है। झपकी की वजह से यह हादसा हुआ है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।